सत्यमेव जयते

	राजस्थान राज-पत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	माघ 19, गुरुवार, शाके 1945 - फरवरी 08, 2024 Magha 19, Thursday, Saka 1945 - February 08, 2024	

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड (II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी
किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.532 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 86 और 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्टाम्प (संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत्त होंगे।

2. नियम 58 का संशोधन.- राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (3) में विद्यमान अभिव्यक्ति "उससे पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के मार्च मास या किसी पश्चातवर्ती मास" के स्थान पर अभिव्यक्ति "उससे पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के जनवरी से मार्च मास के दौरान या किसी पश्चातवर्ती मास तक" प्रतिस्थापित की जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-63]

राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.533 .-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 69 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान रजिस्ट्रीकरण नियम, 1955 को और संशोधित करने के लिए महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण, राजस्थान द्वारा बनाये गये निम्नलिखित नियमों को, उक्त अधिनियम की धारा 69 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इसके द्वारा अनुमोदित और प्रकाशित करती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे।

2. भाग 13 का हटाया जाना.- राजस्थान रजिस्ट्रीकरण नियम, 1955 के खण्ड-1 का विद्यमान भाग 13 हटाया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-64]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.534 .-राजस्थान वित्त अधिनियम, 2020 (2020 का अधिनियम सं. 09) की धारा 18 और 22 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा,-

(i) भूमि के समस्त वर्गों पर संदेय भूमि कर से, दिनांक 08.02.2024 से; और

(i i) इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए कि भूमि धारक द्वारा संदेय भूमि कर की मूल रकम का 10 प्रतिशत 31.07.2024 तक जमा करा दिया जाता है, उस पर संदेय शास्ति और ब्याज के साथ भूमि के समस्त वर्गों पर 08.02.2024 से पूर्व संदेय भूमि कर से,

छूट देती है:

परन्तु पूर्व में संदत्त या निक्षिप्त भूमि कर का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-65]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.535 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2021-272 दिनांक 24.02.2021 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में विनिर्दिष्ट लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और उनके प्रत्येक के सामने उक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 में यथाविनिर्दिष्ट दर से प्रभारित किया जायेगा:-

सारणी

क्र.सं.	**लिखतों का विवरण**	**स्टाम्प शुल्क**
1	**2**	**3**
1.	मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 या प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीन निम्नलिखित के लिए जारी/निष्पादित पट्टा विलेख/विक्रय विलेख,-	
	(i) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवासीय इकाइयां	प्रतिफल की रकम का 0.5 प्रतिशत
	(ii) निम्न आय समूह के लिए आवासीय इकाइयां	प्रतिफल की रकम का 1 प्रतिशत
2.	राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारियों, लोक उपक्रमों या किन्हीं अन्य सरकारी निकायों द्वारा आबंटित या विक्रीत भूमि के संबंध में या राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क के अधीन स्थानीय प्राधिकारियों के निपटान के लिए रखी गयी भूमि के संबंध में उनके द्वारा जारी/निष्पादित पट्टा विलेख	आबंटन या विक्रय के मद्धे प्रभारित प्रतिफल की रकम पर राजस्थान स्टाम्प अधिनियम 1998 की अनुसूची के अनुच्छेद 33 में यथा विनिर्दिष्ट दरों पर या 100/- रुपये, जो भी अधिक हो

3.	पुनर्विधिमान्यकरण के पश्चात् रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत, उपर्युक्त क्रम संख्यांक 1 और 2 के अन्तर्गत आने वाला कोई पट्टा विलेख।	मूल पट्टा विलेख पर संदेय स्टाम्प शुल्क का 120 प्रतिशत।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-66]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.536 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और धारा 9-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि स्टाम्प शुल्क, ब्याज और शास्ति की बकाया मांग का, कलक्टर (स्टाम्प), राजस्थान कर बोर्ड या किन्हीं अन्य न्यायालयों द्वारा विनिश्चित या के समक्ष लंबित, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथाविनिर्दिष्ट मामलों के प्रवर्ग में, स्तम्भ संख्यांक 3 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन, स्तम्भ संख्यांक 4 और 5 में विनिर्दिष्ट सीमा तक, परिहार किया जायेगा:-

सारणी

क्र. सं.	**मामलों के प्रवर्ग**	**शर्तें**	**परिहार**	
			स्टाम्प शुल्क	**ब्याज और शास्ति**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1.	01.04.2003 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	60%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.07.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	55%	100%
2.	01.04.2003 के पश्चात् और 31.03.2013 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	50%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.07.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	45%	100%

3.	01.04.2013 को या इसके पश्चात् और 31.03.2018 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	40%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.07.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	35%	100%
4.	01.04.2018 को या इसके पश्चात् और 31.03.2023 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	30%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.07.2024 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	25%	100%

टिप्पण: 1. राजस्थान कर बोर्ड के समक्ष पुनरीक्षण फाइल करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 65 के अधीन निक्षिप्त रकम, स्टाम्प शुल्क के संदाय के लेखे समायोजित की जायेगी।

2. पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क या किसी अन्य रकम का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

3. इस अधिसूचना के अधीन फायदे लंबित मामलों के प्रत्याहरण के लिए संबंधित कलक्टर (स्टाम्प) के समक्ष वचनबंध फाइल करने के अध्यधीन देय होंगे।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-67]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.537 .-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (1) और (2) तथा धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस संबंध में पूर्व में जारी समस्त अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, उक्त अधिनियम के अधीन संदेय रजिस्ट्रीकरण फीस, प्रस्तुतीकरण या उपसंजाति के लिए विलंब फीस और अन्य प्रकीर्ण फीसों की निम्नलिखित सारणी इसके द्वारा तुरन्त प्रभाव से तैयार और प्रकाशित करती है, अर्थात्:-

रजिस्ट्रीकरण फीस, विलम्ब फीस और अन्य प्रकीर्ण फीसों की सारणी

क्र.सं.	दस्तावेजों की प्रकृति और अन्य प्रकीर्ण कृत्य या संव्यवहार	फीस (रुपये में)
	अनुच्छेद-1 **मूल्यानुसार दर पर स्टाम्प शुल्क के साथ प्रभार्य दस्तावेज**	
1.	समस्त दस्तावेजों के संबंध में जिनके लिए मूल्य या प्रतिफल पर स्टाम्प शुल्क संदेय है और जिनके लिए रजिस्ट्रीकरण फीस इस सारणी में विनिर्दिष्ट रूप से उपबंधित नहीं की गयी है।	मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो।
2.	हस्तांतरण, पट्टा या बंधक इत्यादि के अनुक्रम में कब्जे सहित या कब्जे के बिना स्थावर संपति के विक्रय के लिए निष्पादित करार या मुख्तारनामा या कोई अन्य करार या दस्तावेज जिनमें मूल्यानुसार स्टाम्प शुल्क प्रभारित किया जाता है।	मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो।
3.	तत्पश्चात् रजिस्ट्रीकरण के लिए पेश किये गये, उपर्युक्त क्रम संख्यांक 2 में उल्लिखित दस्तावेजों के अनुसरण में निष्पादित वास्तविक हस्तांरण, पट्टा या बंधक इत्यादि, परन्तु पूर्ववर्ती दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समाधान के लिए साबित किया गया है।	न्यूनतम एक हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो किन्तु क्रम संख्यांक 2 में पूर्व संदत्त रजिस्ट्रीकरण फीस समायोजित की जायेगी।

अनुच्छेद-2
पट्टों के लिए रजिस्ट्रीकरण फीस

1.	30 वर्ष तक की कालावधि के लिए पट्टे	संदत्त स्टाम्प शुल्क की 20 प्रतिशत
2.	30 वर्ष से अधिक की कालावधि के लिए पट्टे	मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो।

अनुच्छेद-3
नियत फीस के साथ प्रभार्य दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण के लिए

1.	वसीयत	200 रुपये
2.	दत्तक प्राधिकार या दत्तक विलेख	200 रुपये
3.	सामान्य मुख्तारनामा या विशिष्ट मुख्तारनामा (उनको छोड़कर जो मूल्यानुसार स्टाम्प शुल्क से प्रभार्य हैं)	2000 रुपये
4.	विवाह-विच्छेद विलेख	500 रुपये
5.	सेवा या भाड़े का करार	100 रुपये

6.	लिखतों का प्रतिलेख या दूसरी प्रति	100 रुपये
7.	किसी प्रतिफल के बिना सहमति विलेख	300 रुपये
8.	धारा 33 के अधीन मुख्तारनामा के अनुप्रमाणन के लिए	500 रुपये
9.	जहां मूल या प्राथमिक बंधक सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया है, उत्तरभावी आश्वासन के रूप में संपार्श्विक या सहायक या अतिरिक्त या प्रतिस्थापित प्रतिभूति देने के लिए तात्पर्यित दस्तावेज	100 रुपये
10.	पूर्ववर्ती रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज को रद्द करने वाला दस्तावेज या किसी प्रतिफल के बिना पट्टे का अभ्यर्पण	200 रुपये
11.	किसी पूर्व रजिस्ट्रीकृत विलेख को संशोधित, उपांतरित या सही करने वाला दस्तावेज, किन्तु जहां कोई तात्विक परिवर्तन नहीं किये गये हैं	200 रुपये
12.	किसी अन्य विलेख, जो पूर्व में रजिस्ट्रीकृत किया गया है, के लेखे प्रतिफल के संदाय की प्राप्ति अभिस्वीकृत करने वाला कोई पृथक् विलेख	100 रुपये
13.	हक विलेख के निक्षेप के पुन:हस्तान्तरण की लिखत	500 रुपये
14.	बन्धक की गयी संपत्ति के पुन:हस्तान्तरण की लिखत	500 रुपये
टिप्पण: किसी अन्य दस्तावेज, जो इस सारणी के किसी अन्य अनुच्छेद के अधीन नहीं आता है, पांच सौ रुपये की रजिस्ट्रीकरण फीस उद्गृहीत की जायेगी।		

अनुच्छेद-4

अन्य फीसें

1.	वसीयत अंतर्विष्ट करने वाले सीलबंद लिफाफे के निक्षेप के लिए	100 रुपये
2.	वसीयत अंतर्विष्ट करने वाले सीलबंद लिफाफे को खोलने या प्रत्याहरण के लिए	100 रुपये
3.	इलैक्ट्रानिक रजिस्ट्रीकरण प्रणाली से रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज की डिजीटल रूप से हस्ताक्षरित प्रति डाउनलोड करने के लिए	100 रुपये
4.	नक्शे की प्रमाणित प्रति की मंजूरी के लिए या इलैक्ट्रानिक रजिस्ट्रीकरण प्रणाली से कम्प्यूटर जनित नक्शा डाउनलोड करने के लिए	100 रुपये
5.	दस्तावेज की प्रमाणित प्रति मंजूर करने के लिए	100 रुपये

6.	दस्तावेज की अभिरक्षा के लिए जो उस तारीख से, जिसको यह पृष्ठांकित, रजिस्ट्रीकृत या इसके रजिस्ट्रीकरण से इन्कार किया गया है, एक मास के लिए अदावाकृत रहता है	अधिकतम 1000 रुपये के अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक मास के लिए या प्रथम मास के दौरान जिसमें दस्तावेज अदावाकृत रहता है, के भाग के लिए 100 रुपये
7.	दस्तावेज, जो रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किया गया है या रजिस्ट्रीकृत किया गया है, की प्रति की अभिरक्षा के लिए, जब ऐसी प्रति किसी व्यक्ति के आवेदन पर रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में तैयार की गयी है और उस तारीख से, जिसकी प्रति आवेदक को प्रदाय करने हेतु तैयार की गयी थी, एक मास के लिए अदावाकृत रहती है	अधिकतम 500 रुपये के अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक मास के लिए या प्रथम मास के दौरान जिसमें दस्तावेज अदावाकृत रहता है, के भाग के लिए 50 रुपये
8.	डाक द्वारा रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज की वापसी के लिए,-	
	(क) एकल दस्तावेज के लिए	300 रुपये
	(ख) उसी रजिस्ट्रीकृत लिफाफे में प्रत्येक अतिरिक्त दस्तावेज वापस किये जाने के लिए	100 रुपये
9.	रजिस्ट्रार द्वारा किसी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त फीस	सामान्य फीस के अतिरिक्त 200 रुपये

अनुच्छेद-5

उपस्थिति और कमीशन के लिए फीस

1.	धारा 31, 33 या 38 के अधीन प्राइवेट निवास स्थान या जेल पर प्रत्येक उपस्थिति के लिए या धारा 33 या 38 के अधीन कमीशन जारी करने के लिए फीस,-	
	(क) यदि व्यक्ति जेल में है	50 रुपये
	(ख) यदि व्यक्ति कार्यालय में उपस्थित होने के लिए शारीरिक रूप से असमर्थ है	100 रुपये
	(ग) अन्यथा	1000 रुपये
टिप्पण: इस अनुच्छेद में उल्लिखित फीस साधारण रजिस्ट्रीकरण फीस के अतिरिक्त प्रभारित की जायेगी।		

अनुच्छेद-6

विलंब से प्रस्तुतीकरण या उपसंजाति के लिए फीस

1.	धारा 25 के अधीन विलंब से प्रस्तुतीकरण या धारा 34 के अधीन विलंब से उपसंजाति के लिए फीस,	

	नीचे दिये गये मापमान के अनुसार विनियमित की जायेगी,-	
	(क) जहां विलंब एक मास से अधिक नहीं है	समुचित रजिस्ट्रीकरण फीस की रकम के 10 प्रतिशत का जुर्माना
	(ख) जहां विलंब एक मास से अधिक है किन्तु दो मास से अधिक नहीं है	समुचित रजिस्ट्रीकरण फीस की रकम के 20 प्रतिशत का जुर्माना
	(ग) जहां विलंब दो मास से अधिक है किन्तु तीन मास से अधिक नहीं है	समुचित रजिस्ट्रीकरण फीस की रकम के 30 प्रतिशत का जुर्माना
	(घ) जहां विलंब तीन मास से अधिक है किन्तु चार मास से अधिक नहीं है	समुचित रजिस्ट्रीकरण फीस की रकम के 50 प्रतिशत का जुर्माना
टिप्पण:(i) धारा 23 के अधीन समय की संगणना करते समय वह दिन, जिसको दस्तावेज निष्पादित किया गया था या वह दिन जिसको न्यायालय की डिक्री या आदेश किया गया था, या यथास्थिति, अंतिम किया गया था, अपवर्जित किया जाएगा। (ii) जुर्माना, उचित रजिस्ट्रीकरण फीस के अतिरिक्त होगा।		

अनुच्छेद-7
तलाशी और निरीक्षण के लिए फीस

1.	(क) प्रत्येक प्रविष्टि या दस्तावेज के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की गयी तलाशी	प्रत्येक वर्ष के लिए 50 रुपये
	(ख) प्रत्येक परिभाषित समय स्लॉट के लिए इलैक्ट्रानिक रूप से की गयी तलाशी	प्रत्येक स्लॉट के लिए 50 रुपये
	(ग) प्रत्येक प्रविष्टि या दस्तावेज के लिए किसी व्यक्ति द्वारा किया गया निरीक्षण	प्रत्येक वर्ष के लिए 50 रुपये
	(घ) दस्तावेज की प्रति बनाना और स्केनिंग करना	प्रति दस्तावेज 300 रुपये
2.	स्थल निरीक्षण,-	
	(क) जब स्थल निरीक्षण उप-रजिस्ट्रार या महानिरीक्षक, रजिस्ट्रीकरण द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य सरकारी कर्मचारी द्वारा किया गया है	प्रति दस्तावेज 100 रुपये
	(ख) जब स्थल निरीक्षण, पैनल किये गये स्थल निरीक्षक द्वारा किया गया है,-	
	(i) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये तक है	प्रति दस्तावेज 500 रुपये
	(ii) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये तक है	प्रति दस्तावेज 1000 रुपये

	(iii) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक किन्तु 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है	प्रति दस्तावेज 1500 रुपये
	(iv) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक किन्तु 10 करोड़ रूपये से अधिक नहीं है	प्रति दस्तावेज 2000 रुपये
	(v) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है	प्रति दस्तावेज 2500 रुपये
	(vi) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है	प्रति दस्तावेज 3000 रुपये
टिप्पण: जहां स्थल निरीक्षण विहित समय सीमा के भीतर नहीं किया जाता है, पैनल में रखे गये स्थल निरीक्षक को संदेय फीस, प्रतिदिन के विलम्ब के लिए फीस का 10 प्रतिशत काट कर संदत्त की जायेगी।		

अनुच्छेद-8

आवेदनों के लिए फीस और आदेशिकाओं का जारी किया जाना

1.	आवेदन जो विधि द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लिखित में किये जाने अपेक्षित हैं	राजस्व अधिकारियों को आवेदनों के लिए राजस्थान न्यायालय फीस तथा वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961 के अधीन संदेय फीस के समान
2.	रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा जारी की गयी आदेशिकाएं	सिविल न्यायालयों द्वारा आदेशिकाएं जारी करने के लिए राजस्थान न्यायालय फीस तथा वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961 के अधीन संदेय फीस के समान

अनुच्छेद-9

प्रकीर्ण फीस

1.	(क) दस्तावेज को रजिस्टर करने से इन्कार करने वाले उप-रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध धारा 72 के अधीन अपील या धारा 73 के अधीन आवेदन प्रस्तुत करने पर	200 रुपये
	(ख) जब मुख्तारनामा जिले में सामान्यत: अप्रयुक्त भाषा में लिखा हुआ है तो रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किये गये दस्तावेज के साथ या उसके संबंध में अभिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये मुख्तारनामा का अनुवाद फाईल करने के लिए	200 रुपये

	(ग) धारा 25 और 34 के अधीन उप-रजिस्ट्रार को किये गये प्रत्येक आवेदन के लिए	100 रुपये
	(घ) निष्पादकों और साक्षियों की उपसंजाति को प्रवर्तित करवाने के लिए धारा 36 के अधीन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को किये गये प्रत्येक आवेदन के लिए	100 रुपये
	(ड़) रजिस्ट्रीकृत या रजिस्ट्रीकृत किये जाने से इन्कार की गयी और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए रजिस्ट्रार के कार्यालय को पारेषित की गयी वसीयत को लौटाने हेतु प्रत्येक आवेदन के लिए	100 रुपये
	(च) धारा 25 के अधीन उद्गृहीत जुर्माने के परिहार या प्रतिदाय के दावे के प्रत्येक आवेदन के लिए	100 रुपये
	(छ) विशेष अत्यावश्यकता के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उसके कार्यालय में अवकाश पर रजिस्ट्रीकरण के लिए दस्तावेज स्वीकार करने के लिए प्रस्तुत किये गये प्रत्येक आवेदन के लिए	500 रुपये
	(ज) विशेष अत्यावश्यकता के आधार पर अवकाश पर धारा 42 के अधीन जमा कराने के लिए तात्पर्यित वसीयत अंतर्विष्ट करने वाला सीलबंद लिफाफा स्वीकार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किये गये प्रत्येक आवेदन के लिए	500 रुपये
	(झ) विशेष अत्यावश्यकता के आधार पर अवकाश पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को केवल मुख्तारनामा के अनुप्रमाणन या अनुप्रमाणन और रजिस्ट्रीकरण के लिए उसके कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन के लिए	500 रुपये
	(ञ) व्यक्ति, जिसके पक्ष में रसीद तैयार की गयी है, को दस्तावेज लौटाने के लिए आपत्ति करते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की गयी प्रत्येक याचिका के लिए	100 रुपये
	(ट) दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के विरुद्ध अभ्यापत्ति करते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की गयी प्रत्येक याचिका के लिए:	100 रुपये

	परन्तु यदि एक याचिका में एक से अधिक दस्तावेज के विरुद्ध अभ्यापत्ति की गयी है, याचिका के लिए संदेय फीस याचिका में विनिर्दिष्ट ऐसे प्रत्येक दस्तावेज के लिए 50 रुपये की दर पर संगणित की जायेगी और यदि ऐसे दस्तावेजों की संख्या याचिका में विनिर्दिष्ट नहीं है, ऐसी याचिका के लिए 100 रुपये की फीस उद्गृहीत की जायेगी।	
	(ठ) रजिस्ट्रीकरण के लिए दस्तावेज को प्रत्याह्वत करने के लिए या दस्तावेज को रजिस्ट्रीकृत करने के लिए सम्पूर्ण या भागत: इन्कार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की गयी प्रत्येक याचिका के लिए	100 रुपये
	(ड़) अनुपूरक पुस्तक सं. 1 में दस्तावेज को फाईल करने के लिए	100 रुपये

अनुच्छेद-10

छूट

1.	सारणी के अनुच्छेद 1 से 9 के अधीन प्रतियां जारी करने के लिए उद्गगृहीत फीस निम्नलिखित के संबंध में प्रभार्य नहीं होगी:	
	(क) सरकार के द्वारा, या पक्ष में निष्पादित दस्तावेज जिन पर राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 3 के परन्तुक (i) के अधीन ऐसी कोई स्टाम्प ड्यूटी उद्ग्रहणीय नहीं है।	
	(ख) पूर्त प्रयोजन के लिए राज्य सरकार के पक्ष में जंगम या स्थावर संपत्ति के न्यास सृजित करने वाली विलेखों के अनुबंध।	
	(ग) सरकार के सेवकों, जो सद्भाविक लोक प्रयोजनों के लिए प्रविष्टियों या दस्तावेजों की प्रतियों की अपेक्षा करते हैं, को फीस के संदाय से छूट दी जाती है।	
	(घ) सरकार के सेवकों, जो सद्भाविक लोक प्रयोजनों के लिए मानचित्रों की प्रतियों की अपेक्षा करते हैं, को फीस के संदाय से छूट दी जाती है।	

	(ड़) सद्भाविक लोक प्रयोजनों के लिए प्रविष्टियों या दस्तावेजों की प्रतियों या निरीक्षण या रजिस्टरों की तलाशी के लिए सरकार के किसी सेवक द्वारा किये गये आवेदन पर कोई न्यायालय फीस प्रभारित नहीं की जायेगी।	
	(च) उपर्युक्त खण्ड (क) से (ड़) में उपबंधित छूटों के अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा जारी किसी विशिष्ट अधिसूचना द्वारा मंजूर की गयी रजिस्ट्रीकरण फीस या किन्हीं विविध फीसों में परिहार या घटाना तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ऐसी अधिसूचना संशोधित या प्रत्याहृत या यथास्थिति, पर्यवसित नही की जाती है	

[प.4(2)वित्त/कर/2024-68]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.538 .-राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, कर की रिबेट और परादेय मांगों और विवादित रकम के निपटान के लिए निम्नलिखित **"एमनेस्टी स्कीम-2024"**, जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, इसके द्वारा अधिसूचित करती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रवर्तन कालावधि.- (1) इस स्कीम का नाम **एमनेस्टी स्कीम-2024** है।
(2) यह स्कीम तुरंत प्रवृत्त होगी और 31.07.2024 तक प्रवृत्त रहेगी।

2. लागू होना.- भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल के संबंध में राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 से संबंधित परादेय मांग या विवादित रकम के सिवाय, यह स्कीम ऐसे समस्त व्यवहारियों या व्यक्तियों पर लागू होगी जिनके विरुद्ध 30.06.2017 तक की कालावधि के संबंध में, किसी अधिनियम के अधीन परादेय मांग या विवादित रकम हैं।

3. परिभाषाएं.- (1) इस स्कीम में, जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से निम्नलिखित में से कोई अधिनियम अभिप्रेत है :-

(i) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम सं. 29);

(ii) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1994 (1995 का अधिनियम सं. 22);

(iii) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74);

(iv) राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4);

(v) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का अधिनियम सं. 13);

(vi) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में मोटर यानों के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम सं. 14);

(vii) राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 (1957 का अधिनियम सं. 24);

(viii) राजस्थान (होटलों और बासों में) विलासों पर कर अधिनियम, 1990 (1996 का अधिनियम सं. 9); और

(ix) राजस्थान विलासों (तम्बाकू और उसके उत्पाद) पर कर अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम सं. 11);

(ख) "आवेदक" से कोई व्यवहारी या व्यक्ति अभिप्रेत है जो इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए अपनी रजामंदी सूचित करता है;

(ग) "निर्धारण प्राधिकारी" से अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "व्यवहारी" से अधिनियम के अधीन यथापरिभाषित कोई व्यवहारी अभिप्रेत है;

(ड़) "घोषणा प्ररूप" से कर की रियायती दर पर माल के विक्रय या क्रय या कर से छूट के लिए अधिनियम के अधीन विहित कानूनी प्ररूप या प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(च) "मांग और संग्रहण रजिस्टर (डीसीआर)" से या तो विभागीय पोर्टल पर या भौतिक प्ररूप में वार्ड स्तर पर किसी निर्धारण से संबंधित परादेय मांग (मांगों) की प्रविष्टियों के प्ररूप में, अन्तर्विष्ट ब्यौरे का रजिस्टर अभिप्रेत है;

(छ) "विभाग" से वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान अभिप्रेत है;

(ज) "अंतर-कर" से अधिनियम के अधीन राज्य में लागू कर की पूर्ण दर और रियायती दर या छूट, जो घोषणा प्ररूप के प्रस्तुत किये जाने पर लागू है, के मध्य अंतर अभिप्रेत है;

(झ) "विवादित रकम" से कोई कर, ब्याज, फीस या शास्ति अभिप्रेत है जिसके लिए कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है या जिसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण, रिट याचिका या विशेष अनुमति याचिका लंबित या अनुध्यात है और इसमें वे मामले भी सम्मिलित हैं जो किसी प्राधिकारी द्वारा रिमांड किये गये है;

(ञ) "अंतिम रकम" से परादेय मांग की वह रकम या विवादित रकम अभिप्रेत है जो समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण इत्यादि, यदि कोई हो, के पश्चात् निर्धारण प्राधिकारी ने अवधारित की है;

(ट) "परादेय मांग" से अधिनियम से संबंधित कोई मांग, जो मांग और संग्रहण रजिस्टर में लंबित है, अभिप्रेत है; और

(ठ) "कर" में प्रशमन रकम या कर के बदले में एकमुश्त राशि और छूट फीस सम्मिलित है।

(2) इस स्कीम में प्रयुक्त किये गये किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जैसा उन्हें उस अधिनियम में समनुदेशित किया गया है जिससे परादेय मांग या विवादित रकम संबंधित है।

4. इस स्कीम के अधीन फायदे.- कर की रिबेट और ब्याज, शास्ति या फीस का अधित्यजन नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथावर्णित परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग के लिए स्तम्भ संख्यांक 3 में यथावर्णित शर्तों और इस स्कीम के खण्ड 5 में वर्णित शर्तों के पूर्ण किये जाने पर स्तम्भ संख्यांक 4 में यथावर्णित सीमा तक होगा:-

सारणी

कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन के लिए

क्र. सं.	**परादेय मांग या विवादित रकम का प्रवर्ग**	**शर्तें**	**कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन की सीमा**
1	2	3	4
1.	परादेय मांग, जो घोषणा प्ररूपों से संबंधित है।	(क) आवेदक ने अन्तरराज्यिक विक्रय के सबूत के लिए वचनबंध के साथ निम्नलिखित सबूत प्रस्तुत कर दिये हैं:- (i) अन्तरराज्यिक विक्रय के बीजकों की प्रति सहित बीजकों के ब्यौरे; और (ii) उपर्युक्त बीजकों से संबंधित संदाय का सबूत।	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ अंतर-कर, ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
		(ख) उपर्युक्त खण्ड (क) में नहीं आने वाले मामलों में, आवेदक ने अंतर-कर का 10 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	अंतर-कर की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।

2.	परादेय मांग/विवादित रकम जो अनन्य रूप से ब्याज से संबंधित है और पच्चीस करोड़ रुपये से अधिक है।	आवेदक ने ब्याज का 20 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज की शेष रकम।
3.	इस सारणी के क्रम संख्यांक 1 और 2 के अधीन नहीं आने वाली परादेय मांग या विवादित रकम।	आवेदक ने कर की रकम का 20 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	कर की शेष रकम, यदि कोई हो, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।

स्पष्टीकरण:

(1) जहां कोई व्यवहारी स्कीम की कालावधि के दौरान इस स्कीम के फायदों का उपभोग करने के लिए अपनी रजामंदी सूचित करता है और उस दिन से, जिसको निर्धारण प्राधिकारी इस स्कीम के अधीन संदत्त की जाने वाली अपेक्षित अंतिम रकम सूचित करता है, 31.07.2024 तक या दस दिन के भीतर, जो भी पश्चात्वर्ती हो, अपेक्षित अंतिम रकम जमा करा देता है, वह स्कीम में उपलब्ध फायदों का पात्र होगा। यदि, व्यवहारी उपर्युक्त विनिर्दिष्ट समय में अंतिम रकम जमा करवाने में असफल रहता है, तो वह इस स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा। तथापि, आयुक्त, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि आवेदक को नियत समय में अपेक्षित रकम का संदाय करने से निवारित किये जाने के समुचित कारण थे, ऐसे विलंब को माफ कर सकेगा और आवेदक को इस स्कीम के अधीन फायदों का उपभोग करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

(2) इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व, अपील फाइल किये जाने के लिए जमा की गयी किसी रकम को सम्मिलित करते हुए, जहां कोई रकम मांग के विरुद्ध, उसके सृजन के पश्चात्, जमा की गयी है और यदि अतिशेष परादेय मांग/विवादित रकम के लिए विकल्प प्रस्तुत किया जाता है, वहां पूर्व में जमा रकम को, यदि इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व, मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में समायोजित नहीं किया गया है और यदि चालान में विनिर्दिष्ट रूप से उल्लिखित नहीं है, तो प्रथमतः यह कर दायित्व के विरुद्ध, तत्पश्चात् क्रमशः ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के दायित्व के विरुद्ध समायोजित की जायेगी। तथापि, यदि किसी न्यायालय आदेश की अनुपालना में कोई रकम जमा की गयी है, तो वह तदनुसार समायोजित की जायेगी। इस स्कीम के फायदे केवल इस स्कीम के उपबंधों के अनुसार परादेय मांग/विवादित रकम के अतिशेष के लिए ही उपलब्ध होंगे।

(3) जहां परादेय मांग या विवादित रकम पूर्ण रूप से ब्याज और/या शास्ति और/या विलम्ब फीस को समाविष्ट करती है, वहां ऐसे मामलों में कर की रकम जमा की गयी समझी जायेगी।

(4) परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग के लिए जहां व्यवहारी या व्यक्ति से उपर्युक्त सारणी के अनुसार कोई रकम जमा कराने की अपेक्षा नहीं की जाये, वहां ऐसे मामलों में, वह निर्धारण प्राधिकारी को उसकी सूचना दे सकेगा। ऐसे मामलों में जहां व्यवहारी या व्यक्ति से कोई संसूचना प्राप्त नहीं होती है, वहां निर्धारण प्राधिकारी मामले को अपने स्तर पर निपटाने के लिए अग्रसर हो सकेगा।

(5) जहां 30.06.2017 तक की कालावधि से संबंधित परादेय मांग या विवादित रकम पूर्व में ही जमा करा दी गयी है और उससे संबंधित ब्याज के लिए मांग उद्ग्रहणीय है किन्तु उद्गृहीत नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ संदेय ब्याज का उपर्युक्त सारणी के अनुसार अधित्यजन किया जायेगा।

(6) जहां मांग, जिसके लिए व्यवहारी या व्यक्ति इस स्कीम के अधीन विकल्प देने का आशय रखता है, से संबंधित समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण के लिए कोई आवेदन संबंधित निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष लंबित है, तब ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति से लिखित में संसूचना प्राप्त होने पर वह उसे प्राथमिकता के आधार पर निपटायेगा।

(7) विवादित रकम से संबंधित मामले, जिनके लिए मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में कोई मांग परादेय नहीं है, कर, ब्याज, विलम्ब फीस और/या शास्ति की रकम मूल निर्धारण/पुनर्निर्धारण आदेश या उक्त विवादित रकम के संबंध में जारी किये गये कारण बताओ नोटिस के अनुसार समझी जायेगी। ऐसे मामलों में संबंधित निर्धारण प्राधिकारी स्वयं के समक्ष लंबित कार्यवाही, यदि कोई हो, को प्रत्याहृत करेगा या नियत समय के भीतर उपर्युक्त सारणी के अनुसार विहित रकम के जमा किये जाने के पश्चात् किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले के प्रत्याहरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(8) जहां विभाग द्वारा राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 की धारा 67 की उप-धारा (1) के खण्ड (घ) या निरसित अधिनियम (अधिनियमों) के समान उपबंधों के अधीन अभियोजन वाद फाइल किया गया है और आवेदक ने इस स्कीम के अधीन अपेक्षित रकम निक्षिप्त करा दी है, वहां निर्धारण प्राधिकारी न्यायालय से मामला प्रत्याहृत करने के लिए अग्रसर होगा।

5. शर्तें.- इस स्कीम के फायदे निम्नलिखित शर्तों को पूरा किये जाने पर उपलब्ध होंगे, अर्थात्:-

(i) आवेदक ने उपर्युक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार और उपर्युक्त खण्ड 4 के स्पष्टीकरण (1) के अनुसार अपेक्षित रकम जमा करा दी है;

(ii) आवेदक ने किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले, यदि कोई हो, के प्रत्याहरण के लिए वचनबंध इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर प्रस्तुत कर दिया है; और

(iii) किसी वर्ष या किसी अधिनियम से संबंधित कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जायेगा यदि वह इस स्कीम के अधीन कर की रिबेट और/या अधित्यजन के कारण किसी भी प्रकार संबंधित है।

6. फायदा प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया.- (1) इस स्कीम के अधीन फायदा प्राप्त करने के लिए आवेदक संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को इस संबंध में वाणिज्यिक कर विभाग की वेबसाइट **www.rajtax.gov.in** पर अपनी रजामंदी इलैक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(2) पृथक् अधिनियमों के अधीन साथ ही पृथक् निर्धारण प्राधिकारियों के समक्ष परादेय मांग/विवादित रकम के लिए रजामंदी की पृथक्-पृथक् संसूचना दी जायेगी।

(3) इस स्कीम के अधीन फायदों का विकल्प देने वाले किसी व्यवहारी या व्यक्ति के मामले में निर्धारण प्राधिकारी, व्यवहारी या व्यक्ति के विरुद्ध लंबित मांग (मांगों) और विवादित रकम के ब्यौरे, इस स्कीम के अनुसरण में किये जाने वाले संदाय और प्रोद्भूत किये जाने वाले पारिणामिक फायदों सहित, इलैक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(4) इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया, स्पष्टीकरण और कठिनाइयों, यदि कोई हों, के निराकरण के लिए आदेश ऐसे होंगे जो आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा अधिसूचित किये जायें।

(5) उपर्युक्त सारणी के क्रम संख्यांक 1 से 3 के अधीन परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्गीकरण से संबंधित किसी विवाद के मामले में, आयुक्त, वाणिज्यिक कर का विनिश्चय अंतिम होगा।

7. एमनेस्टी स्कीम-2023 के अधीन लंबित मामलों के लिए उपबंध.- (1) जहां व्यवहारी ने एमनेस्टी स्कीम-2023 के अधीन किस्तों में संदाय के विकल्प का चयन किया है और कोई किस्त संदत्त की है, ऐसे मामले 2023 की उक्त स्कीम के उपबंधों द्वारा शासित होंगे।

(2) उपर्युक्त उप-खण्ड (1) के अधीन नहीं आने वाले ऐसे समस्त मामलों में, जिनमें इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व एमनेस्टी स्कीम-2023 के अधीन कोई टास्क लंबित है, एमनेस्टी स्कीम-2023 की उक्त स्कीम के अधीन दी गयी रजामंदी, इस स्कीम के अधीन दी गयी समझी जायेगी और संदत्त की जाने वाली अपेक्षित रकम इस स्कीम की सारणी के अनुसार व्यवहारी को नये सिरे से संसूचित की जायेगी। एमनेस्टी स्कीम-2023 के अधीन निक्षिप्त रकम, यदि कोई हो, इस स्कीम की सारणी के अनुसार संदत्त की जाने वाली अपेक्षित रकम के विरुद्ध समायोजित की जायेगी।

(3) एमनेस्टी स्कीम-2023 के अधीन पूर्व में किये गये किसी संदाय का प्रतिदाय इस स्कीम के अधीन कर की रिबेट और/या अधित्यजन के कारण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

[प.12(7)वित्त/कर/2024-72]
राज्यपाल के आदेश से,

(नम्रता वृष्णि)
संयुक्त शासन सचिव

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.539 .-राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 (1951 का अधिनियम सं. 11) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इसके द्वारा,-

(i) नष्ट हो चुके यानों पर संदेय मोटर यान कर, विशेष सड़क कर, अधिभार, शास्ति और ब्याज, यदि कोई हो, की छूट देती है, यदि ऐसे यान के नष्ट होने की तारीख तक का संदेय मोटर यान कर, विशेष सड़क कर और अधिभार 31.07.2024 को या उससे पूर्व निक्षिप्त करा दिया जाता है;

(ii) उपर्युक्त खण्ड (i) के अधीन नहीं आने वाले यानों पर 31.03.2023 तक के मोटर यान कर, विशेष सड़क कर, एकबारीय कर, एकमुश्त कर और अधिभार पर संदेय शास्ति और ब्याज की छूट देती है, यदि,-

(क) कोई शोध्य मोटर यान कर, विशेष सड़क कर, एक बारीय कर, एकमुश्त कर और अधिभार 31.07.2024 को या उससे पूर्व निक्षिप्त करा दिया जाता है; और

(ख) 31.03.2023 के पश्चात् संदेय मोटर यान कर, एक बारीय कर और अधिभार पर शोध्य शास्ति और ब्याज 31.07.2024 को या उससे पूर्व निक्षिप्त करा दिया जाता है।

उपर्युक्त छूट निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी, अर्थात्:-

(i) यान का स्वामी छूट के लिए कराधान अधिकारी के समक्ष आवेदन करेगा।

(ii) अधिभार, शास्ति या ब्याज, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए मोटर यान कर, विशेष सड़क कर की पूर्व में संदत्त रकम का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

(iii) छूट से संबंधित विवादों के मामले में परिवहन आयुक्त का विनिश्चय अंतिम होगा।

स्पष्टीकरण: यान के नष्ट होने की तारीख परिवहन आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार अवधारित की जायेगी।

[प.6(179)परि/कर/मु./2024-25/1]
राज्यपाल के आदेश से,

(सोहन लाल मीना)
उप शासन सचिव

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.540 .-मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 59) की धारा 200 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, खान विभाग के ई-

रवन्ना के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर 31.01.2024 को या उससे पूर्व उक्त अधिनियम की धारा 113 की उप-धारा (3) के खण्ड (ख) के अधीन कारित पाये गये अपराधों का शमन करने के लिए, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ 3 में यथाविनिर्दिष्ट शमन रकम के लिए, इसके द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को प्राधिकृत करती है, अर्थात्:-

सारणी

क्र. सं.	**इस विभाग की अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के आधार पर 31.01.2024 तक यान के लिए संदेय कुल शमन रकम (रु. में)**	**31.01.2024 तक कारित अपराध के लिए यान के लिए संदेय शमन रकम**
1	2	3
1.	1 लाख तक	अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय रकम का 25 प्रतिशत
2.	1 लाख से अधिक और 10 लाख तक	25,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 1 लाख से अधिक की रकम का 10 प्रतिशत
3.	10 लाख से अधिक और 25 लाख तक	1,15,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 10 लाख से अधिक की रकम का 8 प्रतिशत
4.	25 लाख से अधिक और 50 लाख तक	2,35,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 25 लाख से अधिक की रकम का 6 प्रतिशत
5.	50 लाख से अधिक और 75 लाख तक	3,85,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 50 लाख से अधिक की रकम का 4 प्रतिशत
6.	75 लाख से अधिक और 1 करोड़ तक	4,85,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 75 लाख से अधिक की रकम का 2 प्रतिशत
7.	1 करोड़ से अधिक	5,35,000/- रु + अधिसूचना सं. प.7(47)परि/नियम/मु./87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के अधीन संदेय 1 करोड़ से अधिक की रकम का 1 प्रतिशत

परन्तु,-

(i) यान के लिए शमन रकम, यान के बीमा प्रमाणपत्र में दिये गये बीमित मूल्य के आधे से अधिक नहीं होगी।

(ii) कृषि ट्रैक्टर-ट्राली के लिए शमन रकम 7,500/- रु. से अधिक नहीं होगी।

यह अधिसूचना 31.07.2024 तक प्रवृत्त रहेगी।

[प.6(179)परि/कर/मु./2024-25/2]
राज्यपाल के आदेश से,

(सोहन लाल मीना)
उप शासन सचिव

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.541 .-केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 172 के उप-नियम (2) के साथ पठित मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 59) की धारा 211क की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा विहित करती है कि 01.04.2024 से चालन अनुज्ञप्ति और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 21) के उपबंधों के अधीन यथा विनिर्दिष्ट डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से या ई-हस्ताक्षर के माध्यम से केवल इलैक्ट्रानिक रूप से जारी किये जायेंगे।

[प.6(179)परि/कर/मु./2024-25/3]
राज्यपाल के आदेश से,

(सोहन लाल मीना)
उप शासन सचिव

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 08, 2024

एस.ओ.542 .-राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 (1951 का अधिनियम सं. 11) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, क्रियाशील यान की समाप्ति पर मोटर यान कर, विशेष सड़क कर, एकबारीय कर, एकमुश्त कर और अधिभार पर

संदेय शास्ति और ब्याज के संदाय से निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, इसके द्वारा छूट देती है, अर्थात्:-

(i) यदि ऐसा यान 31.03.2025 तक रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रेपिंग सुविधा (र.या.स्क्रे.सु.) पर स्क्रेपिंग के लिए जमा करा दिया जाता है और शोध्य मोटर यान कर, विशेष सड़क कर, एकबारीय कर, एकमुश्त कर और अधिभार रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रेपिंग सुविधा (र.या.स्क्रे.सु.) पर यान के जमा किये जाने से पूर्व निक्षिप्त करा दिया जाता है;

(ii) पूर्व में संदत्त मोटर यान कर, विशेष सड़क कर और अधिभार, शास्ति या ब्याज, यदि कोई हो, की रकम का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा; और

(iii) यदि ऐसी छूट के संबंध में कोई विवाद उद्भूत होता है, परिवहन आयुक्त का विनिश्चय अंतिम होगा।

स्पष्टीकरण: इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए ''क्रियाशील यान की समाप्ति'' और ''रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रेपिंग सुविधा'' का वही अर्थ होगा जो मोटर यान (यान स्क्रेपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य) नियम, 2021 में यथा परिभाषित है।

[प.6(179)परि/कर/मु./2024-25/4]
राज्यपाल के आदेश से,

(सोहन लाल मीना)
उप शासन सचिव

FINANCE DEPARTMENT
(TAX DIVISION)

Jaipur, February 08, 2024

In pursuance of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to authorize the publication in the Rajasthan Gazette of the following translation in the English language of Finance Department, Tax Division Notification No. F.4(2)FD/ Tax/2024-63 to 68, No.F.12(7)FD/Tax/2024-72 and Transport & Road Safety Department Notification No.F.6(179)/Pari/Tax/Hqrs/2024-25/1 to 4 dated February 08, 2024.

FINANCE DEPARTMENT
(TAX DIVISION)

NOTIFICATION
Jaipur, February 08, 2024

S.O.532 .-In exercise of the powers conferred by section 86 and 87 of the Rajasthan Stamp Act, 1998 (Act No. 14 of 1999), the State Government hereby makes the following rules further to amend the Rajasthan Stamp Rules, 2004, namely:-

1. Short title and commencement.- (1) These rules may be called the Rajasthan Stamp (Amendment) Rules, 2024.

(2) They shall come into force with immediate effect.

2. Amendment of rule 58.- In sub-rule (3) of rule 58 of the Rajasthan Stamp Rules, 2004, for the existing expression "in the month of March of the preceding Financial Year or in any subsequent month", the expression "during the months of January to March of the preceding Financial Year or upto any subsequent month" shall be substituted.

[No. F.4(2)FD/Tax/2024-63]
By order of the Governor,

(Namrata Vrishni)
Joint Secretary to the Government.

FINANCE DEPARTMENT
(TAX DIVISION)

NOTIFICATION
Jaipur, February 08, 2024

S.O.533 .-In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 69 of the Registration Act, 1908 (Central Act No. 16 of 1908), the State Government hereby approves and publishes the following rules further to amend the Rajasthan Registration Rules, 1955,

made by the Inspector General of Registration, Rajasthan in exercise of the powers conferred on him by sub-section (1) of the section 69 of the said Act, namely:-

1. Short title and commencement.- (1) These rules may be called the Rajasthan Registration (Amendment) Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Deletion of Part XIII.- The existing Part XIII of Volume-I of the Rajasthan Registration Rules, 1955 shall be deleted.

[No. F.4(2)FD/Tax/2024-64]
By order of the Governor,

(Namrata Vrishni)
Joint Secretary to the Government.

FINANCE DEPARTMENT
(TAX DIVISION)

NOTIFICATION
Jaipur, February 08, 2024

S.O.534 .-In exercise of the powers conferred by sections 18 and 22 of the Rajasthan Finance Act, 2020 (Act No. 9 of 2020), the State Government being of the opinion that it is expedient in the public interest so to do, hereby exempts,-

(i) land tax payable on all classes of lands with effect from 08.02.2024; and

(ii) land tax payable prior to 08.02.2024 on all classes of lands along with penalty and interest payable thereon, subject to condition that 10% of the original amount of the land tax payable by the land holder is deposited upto 31.07.2024:

